आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 16.08.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2025 का आयोजन 20 से 23 अगस्त तक राजधानी देहरादून में होगा।
- जन्माष्टमी का त्योहार आज पूरे देश में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।
- उत्तरकाशी जिले के धराली–हर्षिल में प्रभावितों तक राहत सामाग्री पहुंचाने और लापता लोगों की तलाश के लिए खोज व बचाव अभियान जारी।
- मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के दौरान राज्य में तेज बारिश का अनुमान जताया है।

**एशियन स्केटिंग ट्रॉफी**

भारत पहली बार शीतकालीन खेलों का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन करने जा रहा है। एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2025 का आयोजन 20 से 23 अगस्त तक राजधानी देहरादून में होगा। आईएसएआई के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा ने बताया कि इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में 11 से ज़्यादा एशियाई देश, चीन, जापान, हांगकांग, इंडोनेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, चीनी ताइपे, वियतनाम, मलेशिया, फिलीपींस और भारत हिस्सा लेंगे। खिलाड़ी 222 मीटर स्प्रिंट से लेकर 5000 मीटर रिले तक की 9 अलग–अलग प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाएंगे।

**जन्माष्टमी**

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव आज पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा–अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर और वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर तथा इस्कॉन मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिर आकर्षक ढंग से सजाये गये हैं।

प्रदेश में भी जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जा रही है। जगह–जगह मंदिरों में भजन–र्कितन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस खास मौके पर लोगों ने उपवास रखा है। राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण सभी के जीवन में हमेशा सुख, समृद्धि और शांति का संचार करें।

## बर्ड फ्लू

उत्तर प्रदेश में बर्ड फ्लू के प्रसार को देखते हुए हरिद्वार जिला प्रशासन ने एहतियातन बाहरी क्षेत्रों से जिले में कुक्कुट, अंडों और कुक्कुट मांस के परिवहन पर तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि यह कदम संभावित संक्रमण को रोकने के लिए उठाया गया है। इसके लिए सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गई है और मांस विक्रेताओं को जागरूक किया जा रहा है।

## हथकरघा दिवस

नैनीताल जिले के भीमताल स्थित जन शिक्षण संस्थान सभागार में नाबार्ड की ओर से 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भीमताल विकास खंड की विभिन्न महिला समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के आयोजक नाबार्ड के डीडीएम मुकेश बेलवाल ने बताया कि सरकार ने हथकरघा को बढावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं, जिसका लाभ लोगों को लेना चाहिए।

कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहीं महिलाओं ने बताया कि उन्हें कार्यशाला में हथकरघा से नये रोजगार सृजन के बारे मे जानकारी मिली है।

## एक पेड़ मां के नाम

बागेश्वर जिले में सशस्त्र सीमा बल– एसएसबी, रेडक्रॉस सोसाइटी और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज एसएसबी कैंप ग्वालदम के निकट बिनातोली में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत एक हजार से अधिक पौधे रोपे गए। एसएसबी के उप महानिदेशक डी.एन. भोंबे ने बताया कि लोकाट, बांस, तिमुल, चंदन, हरड़, पीपल, बरगद, बोतलबुराश, क्वेराल, उतीस, ज़ेक्रेंडा, अमरूद, आम, माल्टा, नींबू और संतरा सहित विविध प्रजातियों के पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में संयुक्त प्रयासों से ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

## उत्तरकाशी आपदा

उत्तरकाशी जिले के धराली में आई प्राकृतिक आपदा में लापता लोगों की तलाश के लिए खोज और बचाव अभियान लगातार जारी है। सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसएसबी, पुलिस और स्थानीय प्रशासन इस अभियान में जुटे हैं। इस बीच, धराली–हर्षिल आपदा से प्रभावित नागरिकों और राहत व पुनर्वास कार्यों में लगे कर्मियों को सामुदायिक रसोई में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

उधर, गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर डबराणी के पास क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। आज जिलाधिकारी प्रशांत आर्य और क्षेत्रीय विधायक ने संबंधित अधिकारियों के साथ बाढ़ में बह गई सड़क का निरीक्षण किया।

इसके साथ ही, हर्षिल क्षेत्र में बनी कृत्रिम झील से पानी निकालने का कार्य जारी है।

## राहत सामाग्री

बागेश्वर जिले के हरबाड़ गाँव में बारिश और भूस्खलन के कारण 07 परिवारों के भवन खतरे की जद में आने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित लोगों को राजकीय प्राथमिक विद्यालय और पंचायत घर में स्थानांतरित कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने बताया कि पटवारी के माध्यम से प्रत्येक परिवार को खाद्य सामग्री वितरित कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1 आटा चक्की और दुकान क्षतिग्रस्त होने के कारण उन्हें भी खाद्य सामग्री वितरित कर दी गई है। साथ ही, क्षेत्री में पेयजल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

उधर, टिहरी जिले के सेमल्थ गांव में भूस्खलन से एक मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। मकान में रहने वाले लोगों को अन्यत्र शिफ्ट कर दिया है।

## मौसम

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के दौरान राज्य में तेज बारिश की चेतावनी जारी की है। आज चमोली, देहरादून और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट और शेष जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

विभाग ने कल के लिए देहरादून, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में भारी बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। इस अवधि में लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम का पूर्वानुमान देख कर ही यात्रा करने की अपील की गयी है।

राजधानी देहरादून के अधिकांश हिस्सों में आज बादल छाए रहे, जबकि कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी दर्ज की गयी। उधर, पर्वतीय अंचल में बारिश और भूस्खलन के चलते लगातार अवरूद्ध हो रहे मार्गों को खोलने का प्रयास तेजी से जारी है।

## आपदाग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण

पौड़ी जिले में भूगर्भीय निरीक्षण के लिए गठित समिति ने 12 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि समिति ने आपदा प्रबन्धन विभाग, पौड़ी के साथ समन्वय स्थापित कर निरीक्षण कार्य सम्पन्न किया।

समिति के सदस्य भूवैज्ञानिक डॉ. अमित गौरव ने बताया कि अधिकतर क्षति तीव्र ढ़ाल, जल स्रोत/नाले/गदेरों के समीपवर्ती स्थानों, गैप वाली चट्टानों और मिट्टी की मोटी परत वाले क्षेत्रों में हुई है। इन स्थानों पर आवासीय भवन, कृषि भूमि और पहाड़ी ढालों को अतिवृष्टि से भारी नुकसान पहुँचा है।

उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा, संरक्षा और पुनर्वास संबंधी विस्तृत रिपोर्ट उत्तराखण्ड शासन, पौड़ी प्रशासन और आपदा प्रबन्धन विभाग पौड़ी को प्रेषित की जाएगी।